प्रेषक,

निदेशक,
पंचायती राज,
उ0प्र0।

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

सेवा में,

समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संख्या– 1/121/2012–1/205/2012 लखनऊ दिनांक : 20 अप्रैल, 2012

विषय : प्रियासॉफ्ट पर वित्तीय वर्ष 2010–11 तथा वर्ष 2011–12 के वाऊचर्स की शत–प्रतिशत इन्ट्री पूर्ण किये जाने के उपरान्त वार्षिक बुक (Year Book) बन्द करने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र संख्या–1/2141/2011–1/205/2010, दिनांक 15 दिसम्बर, 2011 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके अंतर्गत प्रिया साफ्ट पर वित्तीय वर्ष 2010–11 के वाउचर्स की शत–प्रतिशत इन्ट्री माह दिसम्बर, 2011 के अन्त तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। खेद का विषय है कि उक्त निर्देशों के बावजूद भी आप द्वारा अपने जनपद की ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायतों की वर्ष 2010–11 की वाउचर्स इन्ट्री पूर्ण नहीं की गयी है फलतः वित्तीय वर्ष 2011–12 की बाऊचर्स की इन्ट्री भी नहीं की गयी है। यह स्थिति अत्यंत ही आपत्तिजनक एवं शासकीय आदेशों का खुला उल्लंघन है।

अतः आपको अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि प्रियासॉफ्ट पर वर्ष 2010–11 की बाऊचर्स इन्ट्री दिनांक 30.04.2012 तक एवं वर्ष 2011–12 की वाउचर्स इन्ट्री दिनांक 10 मई, 2012 तक अनिवार्य रूप से शत–प्रतिशत इन्ट्री पूर्ण कराकर वर्ष 2011–12 की वार्षिक बुक भी (Year Book) बन्द कराना सुनिश्चित करें। उपर्युक्त समय सीमा के अन्दर क्षेत्र पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों की वार्षिक बुक बन्द पूर्ण न होने की स्थिति में आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

भवदीय,

(मुरलीधर दुबे)
निदेशक,
पंचायती राज, उ0प्र0।

संख्या–1 /121/1/2012, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. श्री सुमित त्रिपाठी, तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, बापू भवन, लखनऊ।
5. समस्त अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, उत्तर प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त दिनांक तक जिला पंचायतों की वर्ष 2010–11 एवं वर्ष 2011–12 की वार्षिक बुक बन्द कराना सुनिश्चित करें।
6. समस्त मण्डलीय उप निदेशक (पं0) उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने मण्डलाधीन जनपदों के जिला पंचायत राज अधिकारियों की समीक्षा बैठक कर, प्रिया साफ्ट की शत प्रतिशत वाउचर्स इन्ट्री कराकर समयांतर्गत निदेशालय को अवगत करायें।

(मुरलीधर दुबे)
निदेशक,
पंचायती राज, उ0प्र0।

Letter 20.04.2012